# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट(सोनभद्र)

पत्रांक– 2403/रेनुकूट / 15–108 दिनांक,रेनुकूट,जनवरी,18, 2021

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक
मीरजापुर क्षेत्र
मीरजापुर ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र में रेनुकूट वन प्रभाग के अनपरा रेंज अन्तर्गत नार्दन कोल फील्डस लि0 की बीना परियोजना को बीना–ककरी एकीकरण परियोजना हेतु 30.50 हे0 वन भूमि 30 वर्षो के लीज पर हस्तान्तरित किये जाने एवं बाधक 14000 वृक्षो के पातन संबंधित प्रस्तुत ऑन लाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UP/MIN/24551/2017 के संबंध में ।

संदर्भः– महाप्रबन्धक, नार्दन कोल फील्डस लि0 बीना परियोजना, बीना–सोनभद्र का पत्र संख्या–बीना / यू0पी0 फारेस्ट / एफ0सी0 / 2020 / 22 दिनांक– 15.12.2020

महोदय,

निवेदन के साथ अवगत कराना है कि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा संदर्भित पत्र दिनांक–15.12.2020 के माध्यम से जनपद–सोनभद्र में रेनुकूट वन प्रभाग के अनपरा रेंज अन्तर्गत नार्दन कोल फील्डस लि0 की बीना परियोजना द्वारा बीना–ककरी एकीकरण परियोजना हेतु 30.50 हे0 वन भूमि 30 वर्षो के लीज पर हस्तान्तरित किये जाने एवं बाधक 14000 वृक्षो के पातन संबंधित ऑन लाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UP/MIN/24551/2017 प्रस्तुत किया गया । प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव की जॉच कराते हुए जॉचोपरान्त प्रस्ताव की पॉच प्रतियॉ इस पत्र के साथ संलग्न कर वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानो के अनुसार 30 वर्षो के लीज पर हस्तान्तरित किये जाने हेतु संस्तुति सहित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

<u>संलग्नकः–उपरोक्तानुसार</u> ।

भवदीय

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट

संख्या– अ / सम दिनांकित ।

1. प्रतिलिपि :उप प्रभागीय वनाधिकारी, पिपरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
2. प्रतलिपिः क्षेत्रीय वन अधिकारी अनपरा को उनके पत्र संख्या–157 / अनपरा / 15 दिनांक– 06.01.2021 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
3. प्रतिलिपिः महाप्रबन्धक, नार्दन कोल फील्डस लि0 बीना परियोजना, बीना–सोनभद्र को उनके संदर्भित पत्र संख्या–बीना / यू0पी0 फारेस्ट / एफ0सी0 / 22 दिनांक– 15.12.2020 के क्रम में सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि आप अपने नामित प्रतिनिधि को मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर के यहॉ भेजकर प्रस्ताव के संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें ।

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट